पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
*********
**'हर काम देश के नाम'**

**नई दिल्लीः श्रावण 04, 1944**
**मंगलवारः 26 जुलाई 2022**

# 'आत्मनिर्भर भारत': आईडेक्स-डीआईओ ने रक्षा नवोन्मेष के लिए 100वें अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग की प्रमुख पहल आईडेक्स (इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस) ने 26 जुलाई 2022 को अपने 100वें अनुबंध पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर विशेष उपलब्धि प्राप्त की।

आईडेक्स रूपरेखा को 2018 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था ताकि यह रक्षा क्षेत्र में सह-निर्माण एवं सह-विकास का मंच प्रदान करे और रक्षा क्षेत्र में योगदान करने तथा देश में रक्षा एवं एयरोस्पेस सेटअप विकसित करने के लिए स्टार्ट-अप को शामिल करे। रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत स्थापित रक्षा नवोन्मेष संगठन (डीआईओ) द्वारा आईडेक्स का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

अल्पावधि में ही आईडेक्स को वर्ष 2021 के लिए नवोन्मेष श्रेणी में सार्वजनिक नीति के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंजेज (डिस्क), प्राइम एंड ओपन चैलेंजेज (ओसी) जैसे अपने प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से रक्षा पारिस्थितिकी प्रणाली में प्रमुख परिवर्तक के रूप में उभरा है। आईडेक्स रक्षा क्षेत्र में आवश्यक गति का निर्माण करने और स्टार्ट-अप के महत्वपूर्ण समूह को उत्पन्न करने में सक्षम रहा है।

वर्तमान में अपर सचिव (रक्षा उत्पादन) और डीआईओ के सीईओ श्री संजय जाजू ने सीईओ श्री साईप्रसाद पोयरेकर-पैसिफाई मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ 100वें अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार और सह सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार ने कहा, "हमें विश्वास है कि आईडेक्स भारत को दुनिया की सबसे बड़ी रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी प्रणाली बनाएगा। इसके लिए, मैं सेवाओं, स्टार्ट-अप, सहभागी संगठन/इनक्यूबेटर और आईडेक्स टीम सहित सभी हितधारकों के अथक एवं निरंतर प्रयासों और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

अब तक, आईडेक्स प्राइम, डिस्क के सात राउंड (डिस्क स्प्रिंट सहित) और ओसी के पांच राउंड लॉन्च कर चुका है जिसे व्यक्तिगत नवोन्मेषकों, एमएसएमई और स्टार्ट-अप से 4,000 से अधिक आवेदन/एप्लिकेशन प्राप्त हुए हैं। 250 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का आवंटन किया गया है और 400 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 14 मदों की खरीद को मंजूरी दी गई है। आईडेक्स भी हजारों रोजगार के अवसर पैदा करने और भारत की प्रतिभा को देश में वापस आकर्षित करने में सक्षम है।

पिछले चार वर्षों में, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) द्वारा परीक्षण और खरीद के लिए मार्च 2022 में 14 परियोजनाओं में 17 स्टार्ट-अप को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई है। डिस्क 1 और 2 और डिस्क 3 से कुछ शेष परियोजनाएं पूरी होने वाली हैं और चालू वित्त वर्ष के अंत तक डीएसी द्वारा आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की जा सकती हैं।

आईडेक्स यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्टार्ट-अप और नवोन्मेषकों के साथ इसके समझौते समय पर तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचें, अंततः नवोदित के लिए असंख्य विकल्पों को शुरू करते हुए, जल्द ही यूनिकॉर्न होने के लिए और साथ ही सेवाओं की आवश्यकता को पता लगाते हुए अत्यधिक गति से काम कर रहा है।

**एबीबी/डीके/डीएस**